हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 30 मार्च 2026
[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]



# KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited NIRF 2025 Ranked: 101-150 | 50+ Acre Campus | 130+ Programs | 8000+ Students from 33 Countries | 400+ Recruitment Partners

Where Words Become **Weapons.**

## BA LLB
## BBA LLB
## LLB
## LLM

LEARN TODAY LEAD TOMORROW



**Practical Legal Training**
Pro Bono Club
Moot Court
Legal Aid Clinic

Specialisations in **LLM** (Select any Two) - Cyber Law, Crime and Torts, Business and Corporate Law, Intellectual Property Rights (IPR), Constitutional & Administrative Law, Labour Law

BE DIFFERENT! BE BETTER! BE AHEAD!

**Benefits you can avail when you apply early:**

- ✓ *Priority program selection*
- ✓ *Access to exclusive scholarship opportunities*
- ✓ *Preferred hostel room allotment*
- ✓ *One-to-one career counselling Session by expert counsellor*
- ✓ *Guidance on the latest education policy and curriculum structure*
- ✓ *Access to centres of excellence and new-age program information*

**CLAT and LSAT score card accepted**

Top Recruiters:
KPMG, BCG, Deloitte, PWC, Luthra & Luthra Law Offices, Clutch Group, Pangea3

**OUR PROGRAMS**

PHARMACY
**D.Pharmacy**
**B.Pharmacy**
**M.Pharmacy**
**Pharm.D**

ARTS & HUMANITIES
**BA | BA (J & MC) | BSW**
**BA (Lib. Arts) | MA | MSW**
**MA (J & MC)**

COMMERCE
**B.Com.**
**B.Com. Hons.**
(in Banking & Finance)
{Includes GST & Taxation}
**M.Com.**
**M.Com.**
(Banking & Finance)

EDUCATION
**B.P.Ed | B.Ed**
**MA.Ed. | MA.(P.Ed)**

DESIGN
**Bachelor of Fashion Design**
**Bachelor of Interior Design**
**Master of Fashion Design**
**Master of Interior Design**

RESEARCH
**Ph.D.**

LIBRARY SCIENCE
**B.Lib.**
**M.Lib.**

SCIENCE
**B.Sc.**
**M.Sc.**

INFORMATION TECHNOLOGY
**DCA | PGDCA**
**MCA**

YOGA
**Diploma**
**B.Sc.**
**PG Diploma**
**M.Sc.**

MANAGEMENT
**BBA**
**MBA**

ENGINEERING
**Diploma | B.Tech**
**M.Tech**

**NEW-AGE PROGRAMS**

- **BBA** (With **FINTECH** as a specialisation)
- BCA in **AI & ML**
- B.CS & M.CS in **AI & ML and Cybersecurity**
- B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science**
- BBA in **Film Making** In collaboration with NIIRA EDUCOM
- B.Tech CS in **AI & ML** In collaboration with IBM | Innovation Centre for Education
- Master of **Data Science**
- BCA Specialisation in **Game Development with AI**
- Bachelor & Master of **Animation & VFX**

**+91-9907252100**

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

SCAN THE **QR CODE**
To Register for our Entrance Examinations
**KALSEE/KAL-MAT**

## खबर संक्षेप



### गोविंद कहार बने कांग्रेस के राजिम मंडल अध्यक्ष

**राजिम।** शहर के लोकप्रिय युवा गोविंद कहार को राजिम कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। उनके मंडल अध्यक्ष बनने पर प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल,जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा, कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष पवन सोनकर, रामकुमार गोस्वामी, विकास तिवारी, सुनील तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने श्री कहार को बधाई दी है।

### महिला के साथ पति ने की मारपीट

**महासमुंद।** महिला के साथ मारपीट के मामले में आरोपी पति के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को आरती खुटे निवासी बरभांठा ने बताया कि उसका पति चुनुराम खुटे खुद शराब पीता है और दूसरों को भी शराब पिलाता है। 27 फरवरी को करीब 11 बजे उसने अपने पति चुनुराम खुटे को दूसरे लोगो को शराब पिलाने से मना किया तब आरोपी ने तुम मना करने वाली कौन होती हो कहकर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देकर ईंट से मुंह में मार दिया। महिला ने इलाज कराने के बाद 28 मार्च को अपने पति के खिलाफ पटेवा थाने में रिपोर्ट लिखाई है, जिस पर अपराध दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने ग्राम खरोरा रोड स्थित जंगल से एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी नरेश डडसेना पिता गिरधर डडसेना (34 साल) खरोरा थाना बसना के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

### शादी कार्यक्रम में गए युवक की बाइक चोरी

**महासमुंद।** ग्राम तरेकेला में एक शादी कार्यक्रम में गए एक युवक की बाइक चोरी हो गई। बसना पुलिस को रमेश कुमार साहू पिता कौशल प्रसाद साहू ग्राम पिरदा ने कि 27 मार्च को वह अपनी बाइक सीजी 06 जीपी 6368 से ग्राम तरेकेला में हेमसागर पटेल के घर शादी कार्यक्रम में गया था। जहां उसने बाइक को तरेकेला में डिकेश्वर साव के घर के पास रखा था। कार्यक्रम से वापस आने पर उक्त जगह पर बाइक न हीं थी। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है।

**मांग : बाजार में 50 से 100 रुपए तक के मटके उपलब्ध**

# अंचल में बढ़ी मिट्टी के मटकों की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

अंचल सहित क्षेत्रों में गर्मी की एंट्री अब धीरे-धीरे हो चुकी है। प्रदेश के कई इलाकों में अधिकतम तापमान का असर भी देखने को मिल रहा है। वहीं दोपहर की धूप अभी से चूभने लगी है। अब ऐसे बढ़ती गर्मी में लोगों को देसी फ्रिज की याद आ ही जाती है, जिस तरह से लगातार तापमान बढ़ता जा रहा है। वैसे ही लोगों का रूख देसी फ्रिज की ओर हो रहा है। गर्मी की एंट्री होते ही लोग परेशान नजर आने लगे हैं। इस देखते हुए देसी फ्रिज यानी मटके पर सभी की निगाहें टिक गई है। यहां आसपास के सप्ताहिक बाजारों में कुम्हार मटके बनाकर बाजार में लेकर बेच रहे हैं। रसेला के कृष्णा लाल चक्रकार ने बताया कि पिछले वर्ष भी छोटे साइज का मटका 50 से 80 रूपए बड़े साइज का मटका 100 से 150 रुपए में बिक्री की गई थी। इस वर्ष भी मटके के कीमत पर कोई इजाफा नहीं किया गया है। पिछले वर्ष की रेट पर ही बेचा जा रहा है। जानकारों ने बताया कि मिट्टी से बने इन घडो के पोर या रंध्र की वजह से वाष्पीकरण की प्रक्रिया लगातार होती रहती है,जिससे पानी ठंडा रहता है। चक्रकार ने बताया कि पहले मिट्टी को लाया जाता है और उसे पानी में भिगोकर नरम किया जाता है। फिर इसे अच्छी तरह छाना जाता है। ताकि कोई कंकड़ या गंदगी न रहे। जब मिट्टी सही रूप से तैयार हो जाती है, तब उससे मटके, सुराहियां और अन्य मिट्टी के बर्तन बनाए जाते हैं। मटके तैयार होने के बाद इन्हें आस-पास सप्ताहिक बाजारों में बेचा जाता है। ग्रामीण चिकित्सा सहायक डॉ प्रज्ञेश देवांगन के अनुसार मटके का पानी स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है।



**मटके का पानी फ्रिज की तुलना में रहता है कम ठंडा**

फ्रिज का अधिक ठंडा पानी पीने से गले में खराश हो सकती है। ये नुकसान दायक है। मटके का पानी फ्रिज के पानी की तुलना में कम ठंडा रहता है। चिलचिलाती गर्मी में सूखे कंठ को तर करने घड़ों का शीतल जल मिल जाए तो क्या कहना। गर्मी के इस मौसम में ठंडे पानी के लिए मटकों से बेहतर कोई उपाय नहीं है। जैसे जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है, वैसे वैसे मटकों की मांग भी बढ़ रही है। जानवरों के लिए भी पानी की व्यवस्था जरूरी गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है, मनुष्य को प्यास लगती है तो वह कही भी मांग कर पी लेता है, लेकिन मुक पशु पक्षियों को प्यास में तड़पना पड़ता है, हालांकि जब वे प्यास होते हैं तो घरों के सामने दरवाजे पर आकर खड़े हो जाते हैं। कुछ लोग पानी पिला देते हैं तो कुछ लोग भगा भी देते हैं। वैसे हर साल बाजार में प्याऊ खोला जाता है। परंतु जानवरों के लिए पानी की कहानी पर कोई व्यवस्था नहीं दिखाई दे रही है। लोगों का कहना है कि जानवरों के लिए नदी नाले पर गड्ढे खोदकर पानी पिलाने के लिए व्यवस्था होनी चाहिए।



### श्यामनगर-परतेवा-देवरी के ग्रामीणों ने रोहित साहू का सम्मान किया

**राजिम।** श्यामनगर से व्हाया परतेवा-देवरी मार्ग के चौड़ीकरण की स्वीकृति मिलने पर विधायक रोहित साहू का आभार जताने जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण विधायक निवास पहुंचे और विधायक श्री साहू का पुष्प माला पहनाकर गमछा और बुके भेंटकर सम्मान किया।

### शहीद हेमू कलाणी चौक पर कांग्रेस सेवादल का झंडा वंदन




**नवापारा-राजिम।** रविवार को ब्लॉक कांग्रेस सेवादल नवापारा द्वारा शहीद हेमू कलाणी चौक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव के हाथों झंडा वंदन कार्यक्रम किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सौरभ शर्मा, राजा चांवला, बीरबल बंजारा, ब्लाक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष चतुर जगत, रामकुमार शर्मा, संतोष साहू, रूपराम साहू, नंदू साहू, देवा सोना, अमर चक्रधारी, आकाश सोना, दूरपति सोना, शीतल जगत, रूखमणी जगत, नीला जगत, जयबीर जगत, जिज्ञान जगत, कुसुम जगत, मनोहर जगत, कव्यांश साहू मौजूद थे।

# छुईहा में जोत-जंवारा विसर्जन जस-गीतों की धुन पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा/बेलर





चैत्र नवरात्र के पावन पर्व का समापन शुक्रवार को ग्राम छुईहा में पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। ग्राम के हरिशचंद सेन के निवास से जोत-जवारा विसर्जन की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज और जस-गीतों के प्रभाव ने पूरे गांव को भक्तिमय कर दिया। श्रद्धा, सुर और लय के इस संगम ने इस वर्ष की नवरात्र विदाई को ग्रामीणों के लिए यादगार बना दिया। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण जस-गीत गायकों की टोली रही। प्रसिद्ध यूट्यूबर और जस गायक चैतूराम तारक, बृज ध्रुव, नंदू सिन्हा, पवन सिन्हा, किसन सिन्हा और गुलाब ध्रुव की अगुवाई में माता सेवा के प्रभावी पदों का गायन किया गया। संगीत पक्ष को मजबूती देते हुए पंचराम ध्रुव और पुरानीक ध्रुव ने मांदर की थाप और पुरुषोत्तम ध्रुव ने ढोल की गरज से ऐसा समां बांधा कि मार्ग में चलने वाले राहगीर भी झूमने को विवश हो गए। हाथ चांग और झुमका की झंकार के बीच देवी के गुणगान गांव की गलियों में गूंजते रहे। शोभायात्रा के दौरान जब पारंपरिक रूप से देवी-शिरहा (पंडा) पर माता सवार हुईं, तो उनका रौद्र रूप देखकर श्रद्धालु श्रद्धा और विस्मय से भर गए। परंपरा के अनुसार, इस विशेष क्षण में पूरा पंथ मौन होकर माता की शक्ति के समक्ष नतमस्तक नजर आया। आस्था का यह संगम ग्रामीण संस्कृति की गहरी जड़ों को प्रदर्शित कर रहा था।माता की विदाई बेला में गांव के पुरुष, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे ग्रामीणों ने जोत-जवारा को पूरे सम्मान के साथ विसर्जित किया।

# पथरीली राहों को पार कर रक्सापथरा पहुंचे विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव आज रविवार को आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के बिहड़ जंगल के अंदर बसे ग्रामों में पहुंचकर जहां ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सूना वही कई धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम में शामिल भी हुए। पगडंडी पथरीली उबड़ खाबड़ पहाड़ी इलाकों को पार करके आजादी के बाद से आज तक कोई विधायक सांसद मंत्री रक्सापथरा गांव तक नहीं पहुंचे थे ऐसे गांव में विधायक के अचानक पहुंचने पर ग्रामीणों के आंखों में खुशी की लकीर साफ दिखाई दे रही थी। बाजे गाजो के साथ फूलमाला पहना कर विधायक का पीला चावल का टीका लगाकर स्वागत सत्कार करते हुए जातरा स्थल तक पहुँचाया गया फिर देवी देवताओ का पूजा अर्चना करते हुए प्राकृतिक फल फूल को प्रथम अर्पण कर कार्यक्रम को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर चित्रंश ध्रुव,निहाल नेताम, जनपद सदस्य फूलचंद मरकाम, जनपद सदस्य प्रतिनिधि तिलक राम मरकाम, सरपंच श्रीमती निरबत बाई नेताम, सरपंच प्रतिनिधि नरेश नेताम, श्रीराम मरकाम, प्रताप नेताम, भीखम मरकाम, पुनीत राम ध्रुव, भुवनेश्वर नेगी, सुकचंद नेगी, उपसरपंच अशोक कुमार नेताम, रमेश कुमार नेताम गादी पुजारी, लक्षन्तीन बाई,मेहत्तरीन बाई,सहनीबाई, रामबाई, हीराबती, माँनकुवर बाई, मानोबाई, मोहन सिंह नेताम, दामोदर नेताम, माखनलाल नेताम,नवल सिंह मरकाम,मानसिंह मरकाम,धनेश नेताम, जामिया राम मरकाम, कंचन नेताम, निजाम सिंह नेताम, हीरा सिंह नेताम सहित क्षेत्र भर के सैकड़ों सगा समाज शामिल रहे।



### पीएम मोदी की मन की बात सुनी

**नवापारा-राजिम।** झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ रायपुर जिला ग्रामीण द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात की 132वीं कड़ी रविवार 29 मार्च को झुग्गी स्लम वार्ड क्षेत्र भाजपा मंडल नवापारा में सुना गया। प्रदेश कार्यालय प्रभारी शिवकुमार पिपरे ने सरकार की जन कल्याणकारी योजना को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए जानकारी दी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, किसान मोर्चा के जिलाअध्यक्ष परदेशी राम साहू, जिला संयोजक दयालु गाड़ा, हितेश मंडाई आईटी सेल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष धनमती साहू, मयाराम साहू, रूपेंद्र चंद्राकर, धीरज साहू मंडल उपाध्यक्ष, कैलाश तिवारी मंडल मंत्री, सुमित सिन्हा, कमलेश कहार, गिरवर साहू,तेज बांसवर, राकेश साहू, दशरथ साहू, गंगू साहू, सोहेंद्र साहू, किशन साहू सहित कार्यकर्ता व वार्डवासी उपस्थित थे।

# श्रीराम चरित गान में विभिन्न जिलों की मानस मंडलियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ग्राम टेंगनाबासा में अखिल ब्रम्हाड के नायक श्री सीता राम जी के जीवन चरित्र पर राज्य स्तरीय त्रिदिवसीय राम चरित्र संगीतमय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 28 मार्च को ज्योति कलश यात्रा निकाल कर गली भ्रमण किया वहीं द्वितीय दिवस 29 मार्च को श्री राम चरित्र मानस परिवार खलना उडिसा, ज्ञान ज्योती मानस परिवार नाहानबिरी मैनपुर, राजहंस मानस परिवार आमदी धमतरी, रेशमी महिला मानस परिवार बिरकोनी महासमुंद, श्री राम मानस परिवार बेलगांव सिहावा नगरी की प्रेरणादायी आकर्षक प्रस्तुती रही मभी मंडली ने सभी के मन को मोह लिया। कार्यक्रम के शुभारंभ मे टेंगनाबासा, सेंम्हरा, मोहराडीही, रावणाभाठा के संभ्रांत नागरिको कासम्मान फूल, माला, बैच और गुलाल लगा क सम्मानित किया गया। **आज बहेगी ज्ञान गंगा, कौशिल्या भंडार में भोजन व्यवस्था-** वहीं तृतीय दिवस में ज्योति विद्या संकिर्तन मानस परिवार फिंगेश्वरी छुरा, उवत सुरुज मानस परिवार झिथरीडुमर गरियाबंद, जय दंतेश्वरी महिला मानस परिवार टोकरो, तुलसी के बिरवा मानस परिवार नागाबुडा गरियाबंद परमेश्वर मानस परिवार सेम्हतरा राजिम, दाई के दुलरवा मानस परिवार कुम्हारी गुरुर के द्वारा भक्ति, ज्ञान, और वैराग्य के कथा को लेकर बेहतरीन ज्ञान गंगा की बरसात होगी। आयोजक ग्राम विकास समिति एवं बाल विकास समिति व समस्त ग्रामवासियों ने ज्ञान गंगा मे सराबोर होने, ज्ञान गंगा में स्नान के लिए आमंत्रित किया गया है, वही सभी श्रोता व भक्त जनों के लिए कौशिल्या भण्डार मे भोजन की भी व्यवस्था भी की गयी है। शुभारंभ के अतिथियों में छग सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष नीलकंठ सिंह ठाकुर, समाज सेवी केशव चन्द्राकर, सहित प्रतिष्ठित नणमाण्य नागरिक गण उपस्थित थे। त्रिदिवसीय संगीत मय रामचरित मानस यज्ञ को निर्विध्न सफल बनाने में ग्राम समिति के अध्यक्ष सुराज ध्रुव, पटेल बुढान ध्रुव, पूर्व उपसरपंच मोहेन्द्र सिंहा, ग्राम प्रमुख गंगाराम ध्रुव, हरि सिंहा, सीता राम, याद राम, वासुदेव, हुमन, बलवान, संतोष, तिहारु, रेवा राम,दशरथ, सहित सैकडो दान दाता लगे हुए है।



## पेज 9 के शेष...

### गोपालपुर में आस्था...

ध्रुव, जिला अध्यक्ष महासमुंद एसपी ध्रुव, धमतरी डीडी मांझी, लोकेन्द्र कोमर्रा, भागसिंह कोमर्रा, आदिवासी नेता महेन्द्र नेताम, अमृत लाल नागेश, सियाराम ठाकुर, प्रताप मरकाम, गोपी नेताम एवं बड़ी संख्या में वरिष्ठजन उपस्थित थे। इस दौरान अतिथियों ने ईष्टदेव छत्रपति बुढादेव की पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि और खुशहाली की कामना की। आयोजित जात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने कहा कि आदिवासी समाज अपनी परम्परा और संस्कृति के लिए पुरे देश विदेश में जाना जाता है, आज आदिवासी समाज के लोग यहा अपने पुर्वजों, पुरखों को याद करने और उनके आशीर्वाद लेने के लिए जात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है उन्होने कहा कि इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम में समाज में एकता भाईचारा और मजबूत होती है, और समाज के लोग एक जगह बैठक अपने समाज के विकास और उत्थान के बारे में चर्चा करते है।

**पूर्वजों को याद करने डुमा जात्रा का आयोजन-** बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने भी जात्र कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आदिवासी समाज के लोगो को अपने संस्कृति और परम्परानुसार सामाजिक कार्यक्रमों को करने के साथ आज के युवाओं को सामाजिक कार्यक्रमों में अपना योगदान देने की बात कही। आदिवासी नेता महेन्द्र नेताम, आर एन सोरी, सियाराम ठाकुर एवं समाज के वरिष्ठजनों ने कहा की डुमा जात्रा अपने पूर्वजों के डुमा आत्माओं को याद करने के लिए आयोजित किया गया है ऐसे कार्यक्रम से सामज में एकता और भाईचारा और मेल मिलाप बढ़ता है। इस मौके पर प्रमुख रूप से मनीराम नेताम, सोभन सिंह नेताम, नैनसिंह, घनश्याम, गोपी नेताम, छबीराम नेताम, श्यामलाल मोकताज दीवान, महेश, पवन, सदाराम, खेलन दीवान, तीलकराम, जन्मजय नेताम, चन्द्रसेन, महेन्द्र नेताम, मयाराम, लोभसिंह, लछिन्दर, हिरालाल, बैदराम, लोचन, पारेश्वर, सोनसिंह, निराम, देवीसिंह, बाबूलाल, बरनसिंह, भैयालाल, शिवचरण, धनसिंह, दलपसिंह, सुन्दर सिंह, बोधन, गौकरण मरकाम, मोहन, रूखमणी नेताम, राजोबाई नेताम, मेहतरीन बाई नेताम, उपासीन नागेश, विजेन्द्र ठाकुर, भागसिंह कोमर्रा, कल्याण सिंह कपिल, पवन, बलिराम नेताम, संतराम नेताम, उमेश दाउ, मयासिंह नागेश, भावसिंह नेताम, युवराज नेताम, गौकरण ध्रुर्वा, सुखराम नागेश, सुधीर, नारायण सिंह नेताम एवं हजारो की संख्या में आदिवासी समाज के साथ ही क्षेत्र के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए यहा कार्यक्रम कल 30 मार्च को छत्तर भोज के सांथ सम्पन्न होगा। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र नेताम द्वारा किया जा रहा है।

### नए सॉफ्टवेयर...

लेकिन जल्द ठीक हो जाएगा,कई राशन दुकानों में इस संबंध में कोई स्पष्ट सूचना नहीं लगाई गई है, जिससे हितग्राहियों की परेशानी और बढ़ गई है। खासकर गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर देवभोग ग्रामीण और दूर–दराज के क्षेत्रें से आने वाले लोग बार–बार दुकान पहुंच रहे हैं, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

**राशन वितरण में बुजुर्गों को परेशानी, फिंगरप्रिंट नहीं हो रहा मैच-** सरकारी राशन वितरण प्रणाली में बुजुर्गों को गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बायोमेट्रिक मशीन में उनके अंगूठे का निशान नहीं पढ़े जाने के कारण उन्हें राशन लेने में कठिनाई हो रही है। आदिवासी ग्रामीण वनांचल क्षेत्र में यह समस्या विशेष रूप से देखी गई है बुजुर्ग नागरिकों का कहना है कि सरकारी राशन की दुकानों पर बायोमेट्रिक सत्यापन में आ रही। इस दिक्कत के कारण उन्हें अपना नियमित राशन प्राप्त करने में परेशानी होती है।

**ग्रामीणों को राशन के लिए भारी परेशानी-** खाद्य विभाग के अधिकारी भले ही लाभ दावे करें लेकिन आदिवासी वनांचल क्षेत्र में जमीनी हकीकत कुछ और ही है राशन दुकानों में भारी भीड़ लग रही है अभी भी 60 से 65 प्रतिशत लोगों को राशन वितरण नहीं हो पाया है जिसमें कई समस्या बताई जा रही है सॉफ्टवेयर में अपडेट के चलते सामग्री राशन दुकानों तक तो पहुंच रही है लेकिन आवक नहीं बताने के कारण चाह कर भी राशन का वितरण नहीं किया जा रहा है ग्रामीण भारी परेशान हो गए हैं इन समस्याओं का जल्द समाधान कर लोगों को लाभ दिया जाए।

### स्वास्थ्य विभाग की...


पंजीयन संख्या, संबंधित डॉक्टर का एमसीआर नंबर तथा अधिकृत मुहर का अभाव रहता है।

**छुरा के मिशन हॉस्पिटल में मौतों के बाद उठा विवाद-** इसी बीच छुरा स्थित श्री संकल्प छत्तीसगढ़ मिशन हॉस्पिटल छुरा में उपचार के दौरान हाल के दिनों में ईलाज के दरमियान कई मरीजों की मृत्यु के मामले भी चर्चा में हैं, जिनकी खबरें प्रकाशित हो चुकी हैं। इनमें सड़क दुर्घटना में घायल एक मरीज के परिजनों ने आरोप लगाया है कि गंभीर स्थिति के बावजूद उसे लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रखा गया, जबकि वहां संबंधित विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं थे, साथ ही दुर्घटना की सूचना पुलिस को समय पर न दिये जाने का मामला भी सामने आया है। इन घटनाओं के बावजूद यदि व्यापक स्तर पर कार्रवाई नहीं होती है, तो इससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

### अफवाहों से दूर रहें...

मयाणी ने कहा कि 'मन की बात' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को जोड़ने का सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आम नागरिकों के छोटे-छोटे प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाते हैं, जिससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

**मन की बात कार्यक्रम समाज को सकारात्मक दिशा देने वाला मंच-** गरियाबंद मंडल अध्यक्ष सुमित पारख ने कहा कि 'मन की बात' के माध्यम से आज विभिन्न रोचक और जागरूक विषयों की जानकारी मिली। वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत मानिकपुरी ने मन की बात कार्यक्रम समाज को सकारात्मक दिशा देने वाला प्रेरक मंच है। प्रधानमंत्री के विचार आमजन में जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति पिछड़ा वर्ग के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरोत्तम साहू एवं प्रतीक सहित कुंवर सिंह, रूखमणी ध्रुव, ममता सेन, लीला विश्वकर्मा, पूर्णिमा साहू, सुहादराई पटेल, रेखा कंवर, भगवती कंवर, धनेश्वरी कंवर, हिरेद्र दीवान, बुधियारीन साहू, केशर ध्रुव, मोतीन कांवर, राधिका साहू, विष्णु बाई ध्रुव, श्यामा ध्रुव एवं अंशुईया दीवान सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 30 मार्च 2026

08 श्रीराम चरित गान में विभिन्न जिलों की मानस मंडलियों ने...



10 रजनकटा में सीसी रोड और नाली निर्माण का भूमिपूजन





# गोपालपुर में आस्था का सैलाब: बुढ़ालपेन कुंडा मिलान डुमा जात्रा में उमड़े हजारों श्रद्धालु

## देवजात्रा में ईष्टदेव, बूढ़ादेव की पूजा अर्चना कर मांगी खुशहाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

आदिवासी समाज का अपना एक गौरवशाली इतिहास है और अपनी अलग परम्पराओं के और मान्यतों के लिए जाना जाता है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 4 किलो मीटर दूर गोपालपुर में तीन दिवसीय गोंडी धर्म का सबसे पवित्र और अदभुत गोंडी संस्कृति बुढ़ालपेन कुंडा मिलान डुमा जात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसके दूसरे दिन आज गोपालपुरिया नेताम परिवार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव सहित पूरे जिले व धमतरी जिले से भी लगभग 15 हजार लोग पहुचें हुए थे यहां पहुंचने वाले सभी लोगो का आदिवासी परम्परा अनुसार






स्वागत सम्मान किया गया। शनिवार को माटी पूजा एवं मड़वा कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं दूसरा दिन रविवार को पेन विवाह बुढ़ादेव पूजा का आयोजन किया गया। इस जात्रा कार्यक्रम में आदिवासी समाज के नेताम परिवार द्वारा अपने पूर्वजों को याद करने और श्रद्धाजंली अर्पित करने जात्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जात्रा कार्यक्रम में आज प्रमुख रूप से शामिल होने बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव भी पहुंचे और उन्होने पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख- शांति और समृद्धि की कामना किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्या एवं आदिवासी महिला प्रदेश अध्यक्ष लोकेश्वरी नेताम, अमात गोड़ समाज के सलाहकार दयाराम नागेश, श्री आरएन ▶▶|शेष पेज 8 पर

## खबर संक्षेप

### टेगनाबासा में मानस गान सम्मेलन का समापन आज



**रसेला।** ग्राम टेगनाबासा में परमपिता श्रीरामचन्द्र की असीम कृपा से 28 मार्च से 30 मार्च तक तीन दिवसीय भव्य रामचरित्र मानस गान जय मां टेगनाही मानस मंडली के अगुवाई में सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसका समापन आज सोमवार को होगा। इस सम्मेलन में आज ज्योति विधा संकीर्तन मानस परिवार फिगेश्वरी, उवत सुरज मानस परिवार झिथरीडुमर गरियाबंद, जय दंतेश्वरी महिला मानस परिवार टोकरो, तुलसी के बिरवा मानस परिवार नागाबुडा, परमेश्वरी मानस परिवार सेम्हरतरा राजिम, दाई के दुलार मानस परिवार कन्हारपुरी गुरूर की प्रस्तुति दी जाएगी।मानस मंडली के कथाकार ने कहा कि राम का सम्पूर्ण जीवन सामाजिक समरसता का प्रतीक है, यहां उन्होंने सदैव समाज के सबसे अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को गले लगाया। राम ने दंडकारण्य की धरती से पुरी दुनिया तक सम्पूर्ण समाज एक परिवार है, छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में बहुत पहले से ही नवधा रामायण के आयोजन की परंपरा रही है। नवधा रामायण के माध्यम से रामायण मंडली भगवान राम की जीवन गाथा को गाकर लोगों को जीवन की सीख देते हैं। इस आयोजन में कई मानस मंडलियां भाग लेकर संगीतमय रामायण का रसपान किया गया। मानस मंडली द्वारा लोगों को श्रीराम के बताए मार्गों पर चलने का आह्वान किया गया। साथ ही कहा युवा पीढ़ी को अपने धर्म व संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है। सभी मानस मंडियों को सहसमान किया गया। इस आयोजन के समापन के मुख्य अतिथि होंगे शिवांगी चतुर्वेदी वन सभापति जिला पंचायत गरियाबंद, विशिष्ट अतिथि लेखराज ध्रुवा कृषि सभापति जिला पंचायत गरियाबंद, मनीष हरित भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, मुगेश्वरी जनपद सदस्य, अध्यक्षता सरपंच राजकुमारी ध्रुव करेंगे। इस कार्यक्रम को सफल आयोजन बनने के लिए समस्त ग्रामवासी, ग्राम प्रमुख और महिला स्व सहायता समूह के विशेष योगदान है।

### बिजली में कर्मा जयंती एवं लोकार्पण कल

**छुईहा बेलर।** साहू समाज परिक्षेत्र बोरसी के तत्वावधान में ग्रामीण साहू समाज बिजली के संयोजन में मां कर्मा जयंति एवं पंचायत लोकार्पण भूमि पूजन कार्यक्रम 31 मार्च को ग्राम बिजली प्राथमिक शाला भवन मैदान में रखा गया है। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष इन्द्राणी नेहरू साहू, जिला पंचायत सभापति नंदनी ओंकार साहू, समाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू, साहू समाज जिला अध्यक्ष प्रवीण साहू, जनपद सभापति नंदू यादव सरपंच पद्मा मोती निषाद, सहित साहू समाज परिक्षेत्र, ग्राम साहू समाज, ग्राम पंचायत, ग्रामवासी उपस्थित रहेगें।

### हाईवा की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** ग्राम पड़कीपाली में हाईवा की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि ग्राम अजगरखार निवासी डोरीलाल निषाद 28 मार्च को शाम लगभग 6 बजे अपने मोटर सायकल से ग्राम भंवरपुर पुत्र की शादी का कार्ड बांटने के लिए जा रहा था। पडकीपाली मेन रोड पहुंचने पर सामने से आ रहे हाईवा क्र सीजी 04 पीई 8131 का चालक द्वारा अपने वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाकर डोरीलाल के मोटर सायकल को ठोकर भारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिसमें उसे चोट लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा धारा 281, 125(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## समस्या : सर्वर और ओटीपी के जाल में उलझे उपभोक्ता, वनांचल के बुजुर्गों की बढ़ी परेशानी

# नए सॉफ्टवेयर से बढ़ी समस्याएं, ओटीपी उलझा रहा, हजारों हितग्राही राशन से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

सार्वजनिक वितरण प्राणली के तहत गरीबो को मिलने वाले राशन की व्यवस्था वर्तमान में तकनीकी प्रयोगों की भेंट चढ़ गई है। पिछले पांच दिनों से ठप पड़ी राशन वितरण व्यवस्था गुरुवार को मशीनों के शुरू होने के बाद भी पटरी पर नहीं लौट पाई है। राशन दुकानों में स्थापित पॉस मशीनों में किए गए नए सॉफ्टवेयर अपडेट ने दुकान संचालकों की कार्यप्रणाली को उलझा दिया है। वहीं उपभोक्ता चिलचिलाती धूप में घंटों कतारबद्ध खड़े रहने के बावजूद खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं राशन दुकानों में जैसे ही नए सॉफ्टवेयर के साथ वितरण की प्रक्रिया शुरू की गई तकनीकी खामियों की बाढ़ आ गई सबसे गंभीर समस्या ओटीपी को लेकर देखी जा रही है हितग्राहियों का मोबाइल नंबर दर्ज करने के बाद सिस्टम या तो ओटीपी भेज नहीं पा रहा है, या फिर सर्वर की त्रुटि के कारण वह फेल हो जा रहा है इसके अतिरिक्त, मशीन की कार्यक्षमता





### जिले में 2 लाख 18 हजार राशन कार्ड : अरविंद पांडेय

गरियाबंद जिला खाद्य अधिकारी अरविंद पांडेय ने बताया गरियाबंद जिले में 2 लाख 18 हजार राशन कार्ड धारी है और 367 दुकान है 70 प्रतिशत राशन का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया की अपडेट के कारण कुछ समस्या आई थी जल्द ही समस्या दूर कर ली जाएगी इससे आने वाले समय में उपभोक्ताओं को काफी राहत मिलेगी। खाद्य विभाग के सहायक खाद्य अधिकारी कुसुम लता लहरें ने बताया की मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के दूरस्ता वनांचलों के ग्रमों में 65 प्रतिशत राशन की वितरण किया जा चुका है। यहां अपडेट वाली समस्या ऊपर से है जल्द ठीक हो जाएगा। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में पीडीएस मशीनों का सॉफ्टवेयर अपडेट किया जा रहा है यह प्रक्रिया पूरी होने की संभावना है, जिसके बाद नियमित रूप से राशन वितरण शुरू होगा।

इतनी प्रभावित हुई है कि राशन कार्ड नंबर दर्ज करने के बाद प्रक्रिया बीच में ही रुक जाती है और सॉफ्टवेयर स्वत ही होम स्क्रीन पर वापस आ जाता है जो काम पहले महज चंद मिनटों में पूरा हो जाता था, अब उसके लिए एक-एक हितग्राही को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

नये सॉफ्टवेयर अपडेट के चलते क्षेत्र में राशन वितरण व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है पिछले चार–पांच दिन से मार्च तक सभी राशन दुकानों में चावल, शक्कर सहित किसी भी प्रकार की सामग्री का वितरण नहीं किया जा रहा है ऐसे में जानकारी के अभाव में हितग्राही लगातार राशन दुकानों के चक्कर लगा रहे हैं और परेशान हो रहे हैं, खाद्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, आगामी वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से शुरू होने के मद्देनज़र पूरे राज्य का स्टॉक अपडेट किया जा रहा है इसी प्रक्रिया के तहत पीडीएस मशीनों का सॉफ्टवेयर अपडेट किया जा रहा है, जिसके कारण चार दिनों तक राशन थोडी परेशानी आई है ▶▶|शेष पेज 8 पर



### तेजराम बने जिला संयोजक

**फिंगेश्वर।** विगत दिनों महासमुंद के सर्किट हॉउस मे सर्व समाज समन्वय महासभा, छत्तीसगढ़ की प्रादेशिक मासिक बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई।बैठक में संगठनात्मक विस्तार, सामाजिक समरसता के कार्यक्रमों तथा आगामी गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक विचार–विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से गरियाबंद जिले से तेजराम साहू को संयोजक का दायित्व प्रदान किया गया।इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए संगठन के प्रति उनके योगदान की सराहना की। बैठक में प्रमुख रूप से प्रांत अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.)संजीव कर्मकार "वशिष्ठ, प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष एसआर बंजारे, प्रदेश सचिव प्रताप मोहन्ति, प्रदेश संयुक्त सचिव तारा चंद्राकर, महासमुंद जिला अध्यक्ष अर्चना शर्मा, महासमुंद नगर अध्यक्ष बसंती साहू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राम कृष्णा मिरी, महासमुंद जिला सांस्कृतिक सचिव सुरेंद्र मानिकपुरी तथा विशेष आमंत्रित सदस्य निशांत शर्मा उपस्थित रहे। बैठक के दौरान तेजराम साहू को प्रारंभिक रूप से 18 ग्रामों को "सामाजिक सद्भाव एवं समरसता ग्राम" के रूप में विकसित करने का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया।इस पहल के माध्यम से समाज में आपसी सहयोग,एकता एवं समरसता को और अधिक सुदृढ़ करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से हड़कंप, दो निजी अस्पतालों के लाइसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

गरियाबंद जिले में हाल के दिनों में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दो निजी अस्पतालों के लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की गई है। इनमें एक अस्पताल जिला मुख्यालय तथा दूसरा छुरा क्षेत्र में संचालित बताया गया है। यह कार्रवाई मीडिया में प्रकाशित खबरों, जांच दल के प्रतिवेदन एवं प्राप्त अभिमत के आधार पर की गई। प्रथम दृष्टया यदि किसी संस्थान में अनियमितता पाई जाती है, तो उस पर कार्रवाई होना स्वाभाविक एवं आवश्यक माना जाता है। हालांकि, इस कार्रवाई के बाद जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की समग्र स्थिति को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रश्न भी




उठने लगे हैं। जानकारों का कहना है कि जिले में संचालित सभी निजी अस्पताल, क्लिनिक, पैथोलॉजी लैब एवं डायग्नोस्टिक सेंटर क्या वास्तव में छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्या गृह एवं रोगोपचार संबंधी स्थापना अनुज्ञापन अधिनियम 2010 एवं 2013 के प्रावधानों का पालन कर रहे हैं, इसकी व्यापक जांच आवश्यक है, साथ ही यह भी सवाल उठ रहा है कि पंजीकृत आयुर्वेद एवं होम्योपैथी क्लिनिकों में कहीं एलोपैथिक उपचार तो नहीं किया जा रहा?

ग्रामीण क्षेत्रों में मेडिकल स्टोर की आड़ में चिकित्सा सेवाएं देने वाले लोगों की संख्या को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। इसके अलावा यह भी चर्चा में है कि कुछ पैथोलॉजी लैब बाहरी जिलों या शहरों में रहने वाले डॉक्टरों के नाम पर संचालित हो रहे हैं, जहां संबंधित विशेषज्ञों की नियमित उपस्थिति संदिग्ध बताई जाती है।

नगर में जिला अस्पताल के समीप संचालित एक डायग्नोस्टिक सेंटर को लेकर भी शिकायतें सामने आई हैं। आरोप है कि यहां जांच के बाद मरीजों को विधिवत बिल नहीं दिया जाता और यदि दिया भी जाता है तो उसमें ▶▶|शेष पेज 8 पर

# सिर्रीकला में गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य परम वंदनीया माताजी के सूक्ष्म संरक्षण में एवं मां गायत्री की कृपा से व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण, समाज एवं राष्ट्र के नवनिर्माण के उद्देश्य से ग्राम सिर्रीकला में दिनांक 29 मार्च से 31 मार्च तक वंदनीय माताजी भगवती देवी शर्मा एवं अखंड दीपक के जन्म शताब्दी वर्ष में राष्ट्र शौर्य समृद्धि पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

प्रथम दिवस यज्ञ स्थल बाजार चौक से भव्य जल कलश यात्र निकाली गई जिसमे पूरे गांव की भ्रमण किया गया। गायत्री चेतना केन्द्र फिंगेश्वर के प्रमुख एच एल साहू ने बताया कि यज्ञ आयोजन में पूरे



ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग मिल रहा विगत 15 दिनों से घर घर जाकर प्रचार प्रसार कर आमंत्रण दिया गया साथ ही भव्य आयोजन हेतु तन मन धन से सहयोग भी लिया गया।व्यास मंच से परमानंद यादव ने कलश यात्र के महत्व को बताते हुए कहा कि इसका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है जिसमें कई मान्यताएं एवं उद्देश्य जुड़ी हुई है। कलश को पवित्रता और शुभता का प्रतीक माना जाता है। तीर्थ स्थलों का जल भरकर भ्रमण कराया जाता है जो वातावरण को शुद्ध एवं दिव्य बनाता है। कलश में देवी देवताओं का वास माना जाता है।संगीत टोली में पहुंचे हरिशंकर सिन्हा,तेजराम विश्वकर्मा, नूरसिंह साहू ने प्रज्ञा गीत सुनाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। गायत्री शक्तिपीठ राजिम से पधारे ट्रस्टी संतोष साहू ने बताया 30 मार्च को सुबह 9.00 बजे से देव स्थापना पूजन, पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं दोपहर 2.30 बजे से शाम 6.00 बजे तक प्रज्ञा पुराण की कथा एवं दीप महायज्ञ का आयोजन होगा। अंतिम दिवस यज्ञ के साथ विभिन्न संस्कार निःशुल्क कराए जाएंगे फिर पूर्णाहुति एवं विदाई संदेश के साथ ही टोली की विदाई होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मां भगवती महिला मण्डल राजिम की बहने गीताजंली साहू,दीपा साहू, ओमीन साहू, लुकेश्वरी दीवान, सरपंच कोमन ध्रुव, नानिक साहू, मदन साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज रेखू साहू, नारायण साहू, ईश्वरी साहू, दीपक साहू, कृष्णकुमार साहू, मया राम साहू, जीवन साहू, जगदीश राम साहू, भोपाल राम सिन्हा, कृपाराम यादव, दिनेश साहू, कोमल राम साहू, टोपेश्वरी सिन्हा, शोभना साहू, पूर्णिमा यादव, कमला दलवानी, खेमिन, ओमप्रकाश साहू, रामाधार साहू, दीन साहू, पुरन साहू का विशेष योगदान रहा।

## खेतिहर मजदूरों और किसानों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

# अफवाहों से दूर रहें, आधिकारिक जानकारी पर करें भरोसा : पीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

रविवार को मन की बात के 132वें एपिसोड का श्रवण भाजपा कार्यकर्ताओं ने ग्राम बारूका में खेतिहर मजदूरों और किसानों के साथ सामूहिक रूप से किया। यह आयोजन बारूका के बूथ अध्यक्ष टिकेश्वर पटेल के खेत में छिंद पेड़ की छांव में बैठकर रेडियो के माध्यम से किया गया, जहां ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

इस दौरान नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में देश के समसामयिक विषयों के साथ वैश्विक परिस्थितियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे तनाव का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है, जिससे पेट्रोल-डीजल जैसी चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं, लेकिन भारत इन परिस्थितियों का मजबूती से सामना कर रहा है। उन्होंने देशवासियों से अपील की कि वे अफवाहों से दूर रहें और केवल सरकार द्वारा दी जा रही आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की एकजुटता और 140 करोड़ देशवासियों की शक्ति से हर संकट का सामना किया जा सकता है और इस बार भी देश इस चुनौती से सफलतापूर्वक बाहर निकलेगा।





**छत्तीसगढ़ के कोरिया और नागालैंड की पहल को सराहा-** इसके अलावा पीएम मोदी ने अपने संबोधन में देश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिलाओं, पुरुषों और सामुदायिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में ग्रामीणों द्वारा जल संरक्षण के लिए किए गए प्रयासों को प्रेरणादायक बताया। साथ ही नागालैंड में वृक्ष संरक्षण को लेकर चल रही अनूठी पहल की भी प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे सकारात्मक और सराहनीय कार्य न केवल समाज के लिए उपयोगी हैं, बल्कि हमें उनसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन में भी अपनाना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा आईटी सेल संभाग प्रभारी सागर ▶▶|शेष पेज 8 पर



# बूथ स्तर पर मजबूती से ही मिलेगी चुनावी जीत

**मैनपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा विधायक जनक राम ध्रुव की उपस्थिति में संगठन सृजन पंचायत वार्ड एवं बुथ कमेटी गठन की बैठक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमित मिरी के नेतृत्व में धवलपुर मंडल का बैठक रखा गया। उक्त बैठक में संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया कार्यकर्ताओं को होने वाले आगामी चुनाव में पुर जोर तरीके से कार्य करने पर जोर दिया गया इस बैठक में जिला मंडल अध्यक्ष हबीब मेमन,सचिव यशवंत सोरी, कोषाध्यक्ष नंदू गोश्वामी, महामंत्री चंदा बारले, सेक्टर अध्यक्ष हेमलाल बारले, सेक्टर अध्यक्ष नेपाल सोरी एन एस यू आई प्रदेश सचिव चित्रंश ध्रुव, बिसाहू सिन्हा, अजगर खान, बजरंग यादव, लोकेश ठाकुर, नूतन कुमार, दिनेश ठाकुर, नरोत्तम सिन्हा, राजेन्द्र सोम माधोराम, जागेश्वर नेगी, रामदयाल नेताम, रामचरण नेताम, चंद्रेश गांधी, केदार सिंह, खगेश दाऊ, भुनेश्वर यादव, चंदन नागेश, केशराम प्रधान, मंगलू राम,सुमेर सिंह, ईश्वर यादव, भीखम सिंह, रिकेश्वर प्रसाद, श्रीश बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### परसदा को 25 लाख के विकास कार्यों की सौगात

**नवापारा-राजिम।** रविवार को विधायक इंद्रकुमार साहू से मुलाकात करने परसदा सरपंच रमेश वर्मा ,भाजपा नेता टीकू यादव, संतराम बारले, रामजी खिलवारे, पवन बारले पहुंचे। यह प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत सड़क एवं नाली निर्माण के लिए 25 लाख रूपए स्वीकृत किए जाने के लिए विधायक श्री साहू का बुके भेंटकर सम्मान किया। इसके साथ ही प्रतिनिधि मंडल ने सतनामी समाज के अहाता निर्माण की मांग रख जल्द से जल्द पूरा करने के लिए आग्रह किया। विधायक श्री साहू ने आश्वस्त किया कि गांव के मूलभूत एवं समाज की जो भी आवश्यक मांग होगी उसे अवश्य पूर्ण करूंगा।

### आकाश सिंह राजपूत ने छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक का किया स्वागत

**राजिम।** नगर पालिका के सभापति आकाश सिंह राजपूत ने एक विज्ञप्ति में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने धर्म, संस्कृति और समाज की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए विधानसभा में छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026 पारित



कर एक सराहनीय और ऐतिहासिक कदम उठाया है। इस निर्णय के लिए श्री राजपूत ने छत्तीसगढ़ सरकार का अभिनंदन करते हुए कहा कि यह सुशासन, दृढ़ नेतृत्व और समाज के हर वर्ग की सुरक्षा के प्रति सरकार की गंभीर सोच को दर्शाता है। धर्म और आस्था की रक्षा के साथ-साथ गरीब, पिछड़े और कमजोर वर्गों को लालच, दबाव या धोखे से होने वाले अवैध धर्मांतरण से बचाने की दिशा में यह कानून महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कहा कि विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन में यह कदम न केवल कानून-व्यवस्था को मजबूत करेगा, बल्कि समाज में विश्वास, सुरक्षा और न्याय की भावना को भी सुदृढ़ करेगा। छत्तीसगढ़ सरकार का यह प्रयास प्रदेश के उज्ज्वल और सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक मजबूत पहल है।

### भाजपा विधि प्रकोष्ठ के अनिल बने संयोजक

**अभनपुर।** भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ रायपुर ग्रामीण में संगठनात्मक नियुक्तियां की गई हैं। अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल अग्रवाल को जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। वहीं मंदिर हसौद क्षेत्र की अधिवक्ता श्रीमती शीतला बैस एवं आरंग क्षेत्र के अधिवक्ता कौशल सोनकर को जिला सह संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।नवनियुक्त जिला संयोजक अनिल अग्रवाल पूर्व में भारतीय जनता पार्टी अभनपुर मंडल के अध्यक्ष रह चुके हैं। वे राजनीतिक क्षेत्र के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वर्तमान में वे छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज राजिम-अभनपुर इकाई के अध्यक्ष, तदर्थ तहसील अधिवक्ता संघ अभनपुर के अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत अभनपुर में सांसद प्रतिनिधि के रूप में भी सेवाएं दे रहे हैं। अपनी नियुक्ति पर अनिल अग्रवाल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक इन्द्र कुमार साहू, वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर साहू, भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बृजेश पांडे तथा रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम नारंग के प्रति आभार व्यक्त किया। इस नियुक्ति पर प्रदीप शर्मा, प्रवीण बजाज, विवेक तिवारी, शंकरलाल चंद्राकर, संचित तिवारी, व्यास नारायण साहू, नारायण यादव, पारस साहू,मंडल अध्यक्ष भरत बैस, सूरज साहू, गौरव शर्मा, रोहित कुर्रे, हेमंत तारक, राजा राय, संदीप बैस, चेतना गुप्ता, राधेश्याम साहू, अपूर्व चौबे, मुकुंद मेश्राम, अनिल साहू , माधो मिरी, लौटन गिलहरे, वरुण राठी, झड़ी राम पटेल, समीर यदु, दिनेश धीवर, गुलशन साहू, बुद्धेश्वर साहू सहित अनेक लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

---

**पर्व : रवेली में चैत्र नवरात्रि का भव्य समापन**

# ज्योत जंवारा विसर्जन में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोपरा

चैत्र नवरात्रि में इस बार ग्राम रवेली (लोहरसी) में ज्योति जंवारा महोत्सव का आयोजन शीतला मंदिर प्रांगण में किया गया। भारत देश त्योहारों व पर्वो का देश है जो समाज में समानता एवं मानवता के साथ - साथ शांति एकता व भाईचारे का संदेश देता है। भक्तो ने भक्ति की आस्था में इन नौ दिनो में नौ रूपों का दिव्य दर्शन कर मनोकामना पूरी की।

ज्योति जंवारा का विसर्जन सुबह ग्राम के शीतला माता प्रांगण से शुरू हुआ, माता की भक्ति में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा, और आंखे नम हो गई। वही सेवुक की बाजे की थाप ने लोगों को भक्ति की माहौल में ढलने को मजबूर कर दिया। ग्रामीणों ने बताया की रवेली में हर तीन वर्ष में ज्योति जंवारा महोत्सव का आयोजन किया जाता है जिसमे ग्राम के सभी गणमान्य नागरिको का विशेष सहयोग मिलता है। जहा इस बार माता शीतला की कृपा से विशेष भंडारा भोजन प्रसादी की व्यवस्था एवं रात्रिकालीन पंडवानी का कार्यक्रम आयोजन किया गया था। चैत्र नवरात्र व रामनवमी के इस पावन अवसर पर विशेष व्यक्ति का आगमन होना ग्रामीणों के लिए सोने पे सुहागा वाली बात होती है।



### रवेली मेरा अपना गांव, विकास में पीछे नहीं हटेंगे : इंद्रजीत

उक्त अवसर पर मुख्यातिथि इंद्रजीत महाडिक ने कहा की रवेली के लोगों से मेरा गहरा नाता है। रवेली मेरा गांव है। श्रीराम जन्म के इस पावन अवसर पर गांव का माहौल भक्तिमय खुशनुमा हो गया है जो समाज में समानता मानवता एवं एकता की भाव को प्रेरित करता है। हमारे ग्राम के विकास में जो भी सहयोग बन पड़ेगा मैं आपके साथ हूं लेकिन इसमें आप सभी का सहयोग भी बहुत जरूरी है बिना आप लोगो के सहयोग के उस मुकाम तक नही पहुंच सकते जो हम चाहते है। अंत में माता शीतला से ग्राम के सुख समृद्धि की कामना के साथ आप लोगो ने जो सम्मान दिया उसके लिए आभार।






### युवाओं की मेहनत और बुजुर्गों का मार्गदर्शन गांव की पूंजी : साहू

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय पत्रकार उरेन्द्र साहू ने कहा की ग्राम का विकास तभी संभव है जब हम सब एक साथ मिलकर उस काम कों ईमानदारी पूर्वक करे। कोई भी कार्य कों सफल बनाने के लिये एक होना अतिआवश्यक है, रवेली के युवाओं का मेहनत और बुजुर्गो का मार्गदर्शन गांव के लिये किसी उपलब्धि से कम नहीं जहा कई युवा सरहद पर देश कई रक्षा कर रहे है. रही बात गांव की हर एक समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे, कार्यक्रम उपस्थित सभी ग्राम वासियों को आभार। अंतिम उद्बोधन में लक्ष्मण कश्यप अध्यक्ष ग्राम विकास समिति रवेली ने चैत्र नवरात्र की अंतिम दिवस में सबका अभिवादन करते हुए कहा की इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिस प्रकार से आप लोगो ने तन मन धन से सहयोग दिया उसके लिए आप सबका आभार व्यक्त करता हूं। इस दौरान इंद्रजीत महादिक सदस्य जिला पंचायत गरियाबंद, दशोदा ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत रवेली, शकुन यादव अध्यक्ष महिला मोर्चा ग्राम विकास समिति रवेली, वत्सला साहू उपाध्यक्ष, लता कुबेर यादव लोहरसी, लोमस ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि रवेली, लक्ष्मण कश्यप अध्यक्ष ग्राम विकास समिति रवेली, श्रवण यादव संरक्षक ग्राम विकास समिति रवेली, बसंत यादव उपाध्यक्ष, रमेश कश्यप सचिव, लोकेश कश्यप, उमेश निषाद, चित्रसेन यादव, तुलसीराम निषाद, संतराम मरकाम, गणेश निषाद, घनश्याम मरकाम, गुलशन यादव, मनोज कश्यप, टूकेश्वर प्रजापति, गुनु राम, उपरोहित निषाद, हर्षवधन साहू, लक्की सोनकर, मनीष साहू, सहित ग्राम के सभी माताएं बहनें, भाई एवं बड़े बुजुर्गो की उपस्थिति रही।

---

# बकली में गूंजी श्रीराम की महिमा 50 मानस मंडलियों ने दी प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

बकली के भाटापारा में त्रिदिवसीय श्री रामचरित मानस चिंतन एवं मानसगान का आयोजन हुआ। इस दौरान व्याख्याकारो ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के कथा को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता बताई। रामायण जीवन जीने की कला सिखाती है। कार्यक्रम में 50 मानस मंडलियों ने भाग लिया। जिन्होंने भगवान श्रीराम कथा का यशोगान किया। कार्यक्रम के आयोजन में इंद्रमन तारक, रामजी साहू, उमेश साहू, आजूराम साहू, शेखर साहू, कमलेश साहू,चंद्रहास साहू, दिनेश साहू, धर्मेंद्र ध्रुव, संजय साहू, हीराधर साहू ,जुगराम यादव, जितेंद्र ध्रुव तथा समस्त ग्रामवासियों का शानदार सहयोग रहा।





# रजनकटा में सीसी रोड और नाली निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पाण्डुका

ग्राम पंचायत रजनकटा में विकास कार्यों को आगे बढ़ाते हुए 15वें वित्त आयोग की राशि से विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन जनपद सदस्य श्रीमती दुलारी साहू द्वारा किया गया। भूमि पूजन के अंतर्गत हीरालाल साहू गली में 80 हजार रुपये की लागत से सीसी रोड, जीवन साहू गली में 1.50 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड तथा पंचायत भवन के समीप 60 हजार रुपए की लागत से नाली निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य दुलारी साहू ने कहा कि ग्राम के मूलभूत विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए सड़क एवं जल निकासी जैसी आवश्यक सुविधाओं को मजबूत



किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल गरियाबंद के महामंत्री किशन कंडरा, मन की बात प्रदेश सह-प्रभारी चंदन साहू, ग्राम पंचायत रजनकटा सरपंच तेजकुंवर किशन कंडरा, उपसरपंच श्री बीरेंद्र कश्यप सहित पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस दौरान सोमनाथ ध्रुव, मिलन पटेल, ओमप्रकाश, लेखराम, श्रीमती वीणा साहू, अंजू निषाद, डॉ. श्रवण साहू, गुलाब यादव, नोखेलाल, रमेश साहू, हीरालाल, हेमलता साहू, सती मानिकपुरी, कमला निषाद, प्रमिला साहू, सजनी साहू एवं अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

# चंपारण में आत्मिक जागरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

नवरात्रि पर्व के अवसर पर चंपारण में आत्मिक जागरूकता और नैतिक मूल्यों का संगम प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नारी शक्ति का सम्मान किया गया। माँ दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की गई। आत्मिक जागरूकता और नैतिक मूल्यों पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज की मुख्य संचालिका पुष्पा दीदी और अन्य ब्रह्माकुमारी बहनों का स्वागत किया गया। आयोजक बीके शकुंतला बहन ने बताया कि इस संस्थान के वरिष्ठ और नगर के व्यापारी नान्हूराम साहू एवं उनके परिवार द्वारा यह आयोजन किया गया था। इस अवसर पर, दीदियों और भाइयों ने ध्यान के माध्यम से शांति और सकारात्मकता का





संचार किया तथा सामाजिक मुद्दों और नैतिक मूल्यों पर चर्चा की। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में संस्थान के सदस्यगण मौजूद रहे और सभी को ब्रह्मभोज कराया गया। नवरात्रि के इस कार्यक्रम ने सभी को आत्मिक उत्थान और समाज के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया। ब्रह्माकुमारी संस्थान की शिक्षाओं ने न केवल आध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ाया, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में भी कदम बढ़ाए।

# सॉफ्टवेयर की खराबी दूर होने से राशन वितरण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

क्षेत्र में बीते 21 मार्च से 25 मार्च तक सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अंतर्गत राशन वितरण व्यवस्था सॉफ्टवेयर संबंधी तकनीकी दिक्कतों के कारण प्रभावित रहा। इस दौरान हितग्राहियों को राशन प्राप्त करने में असुविधा का सामना करना पड़ा, जिससे कई उचित मूल्य दुकानों में कार्य आंशिक रूप से बाधित रहा। लेकिन 26 मार्च से वितरण प्रणाली पटरी पर लौट चुका है। नवापारा राशन दुकान के संचालक संतोष देवांगन ने बताया कि कंप्यूटर सिस्टम में तकनीकी खामी आने से ऑनलाइन एंट्री और सत्यापन की प्रक्रिया धीमी पड़ गई थी। परिणामस्वरूप उपभोक्ताओं को किंचित विलंब का सामना करना पड़ा। ठीक इसी तरह पारागांव



सहित आसपास के तमाम गांव के लोगो को राशन लेने में किंचित परेशानी हुई। हालांकि, स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए गए, जिसके बाद अब स्थिति धीरे-धीरे सामान्य होने लगी है। वर्तमान में क्षेत्र के अधिकांश राशन दुकानों में सॉफ्टवेयर की समस्या काफी हद तक दूर हो चुकी है। कंप्यूटर सिस्टम सुचारू रूप से कार्य करने लगे हैं और राशन का पर्याप्त भंडारण भी उपलब्ध हो गया है। इसके चलते हितग्राहियों को अब बिना किसी विशेष परेशानी के राशन मिलना शुरू हो गया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि तकनीकी टीम द्वारा सॉफ्टवेयर में आई खामियों को ठीक कर लिया गया है और भविष्य में ऐसी समस्या दोबारा न हो, इसके लिए आवश्यक सुधार भी किए जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने भी राहत की सांस ली है, क्योंकि अब उन्हें राशन प्राप्त करने के लिए लंबी प्रतीक्षा या बार-बार चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ रही है। बहरहाल बीपीएल कार्डधारियो को कोई विशेष परेशनी नही हो रही है वहीं एपीएल कार्डधारियो अभी इंतजार करना पड़ेगा। लेकिन उम्मीद है कि कुछ ही दिनो में सब कुछ ठीक हो जाएगा।

---

**मनमोहक झांकियों ने नगरवासियों का मन मोह लिया**

# सोनकर समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

श्रीरामनवमी पर्व के उपलक्ष्य में रविवार को राजिम शहर में सोनकर समाज द्वारा बहुत ही भव्य एवं आकर्षक भगवान श्रीरामचंद्र जी की शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा भक्ति और उत्साह से परिपूर्ण था। शोभायात्रा निकालने के पहले समाज के लोगो ने भगवान श्रीरामचंद्र जी,माता जानकी जी एवं लक्ष्मण जी की विधिविधानपूर्वक पूजा अर्चना की। पश्चात यह शोभायात्रा सोनकर भवन से प्रारंभ होकर मां महामाया मंदिर,श्री राजीव लोचन मंदिर ,श्री गायत्री मंदिर होते हुए पूरे शहर का भ्रमण करते हुए पुनः सोनकर भवन पहुंची। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, आस्था और उत्सव का अदभुत संगम देखने को मिला। शोभायात्रा में नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष रेखा -जितेंद्र सोनकर सहित राजिम राज सोनकर समाज के अध्यक्ष अर्जुन सोनकर, पदाधिकारी मोती सोनकर, रेखराम सोनकर, दिनेश सोनकर, विनोद सोनकर, पार्षद टंकु सोनकर, छोटेलाल सोनकर, भुवन सोनकर, सुरेश सोनकर, दुकलहा सोनकर, श्यामलाल सोनकर, होरी सोनकर, महिला संगठन के अध्यक्ष कांति सोनकर, प्रवीण पुष्पाकर, मोहन सोनकर, दयाराम सोनकर सहित हजारों की संख्या में सामाजिकजन, समाज के पदाधिकारी, बड़ी संख्या में मातृशक्तियां शामिल हुई। महिलाओं के हाथों में केसरिया ध्वज लिए श्रद्धालु जय श्रीराम के जयघोष के साथ आगे बढ़ते रहे, जिससे पूरा नगर भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया। यात्रा के दौरान विभिन्न झांकियों और सजे-धजे रथों ने लोगों का मन मोह लिया। नगरवासियों ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और जगह-जगह शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। श्रद्धालुओं द्वारा आरती उतारी गई, पुष्पमालाएं अर्पित की गईं तथा फूलों की वर्षा कर शोभायात्रा का अभिनंदन किया गया।

### आकर्षक झांकियां और मातृशक्ति का उत्साह

बता दें कि सोनकर समाज द्वारा हर वर्ष श्रीरामनवमी के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकालने की परंपरा निभाई जा रही है। आयोजन के अंत में प्रसादी वितरण भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि समाज की एकता, संस्कृति और परंपरा का जीवंत उदाहरण भी प्रस्तुत किया। शाम से लेकर देर रात तक पूरे शहर में भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा, जिसने राजिम की धार्मिक गरिमा को और भी ऊंचाई प्रदान की। समाज के वरिष्ठ जितेंद्र राजू सोनकर ने शहर में जगह-जगह इस शोभायात्रा का स्वागत करने के लिए शहरवासियो खासतौर से मातृशक्तियों का आभार व्यक्त किया और भगवान श्रीरामचंद्र जी से आराधना करते हुए सभी के जीवन में सुख समृद्धि के लिए मंगल कामना की।



